जन-अभियान परिषद और ईशा फाउंडेशन के मध्य एमओयू

चर्चा में क्यों?

10 जून, 2022 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और सद्गुरु वासुदेव जग्गी की उपस्थिति में मिट्टी को बचाने के लिये राज्य सरकार और ईशा फाउंडेशन के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर हुए।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सद्गुरु वासुदेव जग्गी के मिट्टी बचाने के संदेश को प्रदेश के प्रत्येक गाँव और विकासखंड तक ले जाया जाएगा। राज्य सरकार इस दिशा में ईशा फाउंडेशन के साथ मिलकर कार्य करेगी।
- मिट्टी बचाने के लिये मध्य प्रदेश जन-अभियान परिषद द्वारा सेव स्वाईल अभियान में जन-जागरण गतिविधियाँ चलाई जाएंगी। मिट्टी बचाने के लिये राज्य शासन और ईशा फाउंडेशन द्वारा जो रोडमैप बनाया जाएगा, उसे जन-अभियान परिषद और ईशा फाउंडेशन मिलकर क्रियान्वित करेंगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mou-between-jan-abhiyan-parishad-and-isha-foundation